समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# पूनिया कॉलोनी अंडरपास पर समाधान की मांग, संघर्ष की चेतावनी

राजेश चौधरी Published on 27 Jan 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

पूनिया कॉलोनी अंडरपास से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान को लेकर आज चूरू में प्रशासनिक स्तर पर पहल की गई। **सामाजिक कार्यकर्ता हसन रियाज चिश्ती** के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने **जिला कलेक्टर श्री अभिषेक सुराणा**, **PWD के XEN श्री ह्रतिक सांखला** और **चूरू नगर परिषद आयुक्त श्रीमती अभिलाषा चौधरी** से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पूनिया कॉलोनी अंडरपास से आमजन को हो रही परेशानियों का उल्लेख करते हुए **समस्या के शीघ्र और स्थायी समाधान** की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे पर जल्द निर्णय लिया जाए।

### प्रतिनिधिमंडल मे शांमिल गणमान्य लोग

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में **मोहन जी आसेरी, शीश राम जी कालेर, गौरव शर्मा, धनराज न्योल, पवन जी भार्गव, मोहन जी सेन, सोयल खान डीके, सद्दाम हुसैन, अरविंद भांभू** सहित कई अन्य गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### संघर्ष के लिए तैयार, समाधान की उम्मीद

सामाजिक कार्यकर्ता **हसन रियाज चिश्ती** ने कहा कि प्रशासन से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद है, लेकिन यदि समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से नहीं हुआ तो **जनहित मे संघर्ष का रास्ता भी अपनाया जाएगा**, जिसके लिए स्थानीय नागरिक पूरी तरह तैयार हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता देगा और पूनिया कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को राहत मिलेगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.